

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### जरूरतमंदों को खाद्य सामाग्री वितरित

**संवाददाता** देहरादून। उत्कर्ष फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने देशभर में फैल रही कोविड 19 कोरोना वायरस से बचाव के लिए बर्जुग, गरीब, बेसहारा और जरूरतमंद लोगों को खाद्य सामाग्री वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष शिल्पी शर्मा ने बताया कि हम ही नहीं आप भी जो लोग मजदूरी करने या गरीब बेसहारा हैं हमारा कर्तव्य है कि उनको भरपेट खाना खिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाये। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष अनुशां राव ने लोगों से आह्वान किया है कि इस समय अपना कर्तव्य समझकर आगे आयें और बढ़–चढ़कर इस पुनीत कार्य में अपना सहयोग दें। इस अवसर पर फाउंडेशन के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

### महंगा भूसा बेचने पर प्रशासन की टीम ने दुकानदार को लगाई फटकार

**संवाददाता** ऋषिकेश। कोरोना वायरस कि संक्रमण की रोकथाम के लिए घोषित लॉकडाउन का कुछ व्यापारी फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा दिए हैं। जिसके खिलाफ प्रशासन की टीम बाजार में जांच के लिए निकली है। एक भूसा विक्रेता 10 रुपये किलो की बजाय 18 रुपये किलो भूसा बेचते पाया गया। उसे टीम ने फटकार लगाई। दोबारा शिकायत पाए जाने पर दुकान सील करने की चेतावनी दी। लॉकडाउन की आड़ में कुछ व्यापारी जमाखोरी और कुछ व्यापारी कालाबाजारी करने लगे हैं। विशेष रूप से आटे की कीमतों में उछाल आया है। कई दुकानों से आटा गायब हो गया है। इसी तरह 10 रुपये का मास्क 16 रुपये में बेचने की शिकायत आ रही है।

### छूट के दौरान जरूरतमंदों की सेवा में जुटी आरएसएस

**संवाददाता** देहरादून। संकट के इस समय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पूरे देश में सेवाभाव से जुटा हुआ है। सूबे की राजधानी देहरादून में भी स्वयंसेवक शासन–प्रशासन को अपने स्तर से पूरा सहयोग कर रहे हैं। जिले में स्वयंसेवकों की टोलियां सेवा कार्य में जुटी हुई हैं। स्वयंसेवक कोरोना वायरस से बचने के लिए खुद भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर रहे हैं और लोगों को भी इसका पालन करने के लिए जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए दुकानों के बाहर उचित दूरी पर पेंट और चूने से गोले बनाए जा रहे हैं, जिससे सामान लेने आने वाला हर व्यक्ति सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कर सके। इसी तरह कुछ स्वयंसेवक विभिन्न क्षेत्रों में भोजन वितरण के कार्य में लगे हैं। जरूरतमंद लोगों के घर सूखे राशन के पैकेट भी पहुंचाए जा रहे हैं।

## सहकारी दुग्ध समितियों के माध्यम से होगा दुग्ध उत्पादकों को मूल्य प्रोत्साहन का भुगतान

**संवाददाता** देहरादून। सहकारिता, दुग्ध विकास एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कोरोना वायरस (कोविड–19) को लेकर प्रदेशभर में लॉकडाउन की स्थिति को देखते हुए दुग्ध उत्पादकों से दुग्ध संग्रहण एवं उपभोक्ताओं को दुग्ध व दुग्ध उत्पादों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई। बैठक में दुग्ध विकास मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दुग्ध उत्पादकों को राहत देते हुए दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन धनराशि का भुगतान अब सहकारी दुग्ध समिति के माध्यम से करने के निर्देश दिये।

वहीं उन्होंने निदेशालय स्तर पर एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के भी निर्देश दिये। ताकि दुग्ध आपूर्ति से संबंधित समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके। कोरोना वायरस (कोविड–19) की रोकथाम को लेकर समूचा प्रदेश लॉकडाउन किया गया है। ऐसी स्थिति में अति आवश्यक सेवाओं को सरकार द्वारा जारी रखा गया है। जिसके चलते प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने प्रदेश में दुग्ध और दुग्ध पदार्थों की निर्बाध आपूर्ति को लेकर आज अपने आवास पर विभागीय समीक्षा बैठक बुलाई। दुग्ध विकास मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बैठक में विभागीय अधिकारियों से कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# विभिन्न स्थानों पर दिखाई दी लोगों के बीच दूरियां

**लॉकडाउन**

**दोपहर तक मिली ढील का जनता ने उठाया लाभ**

**पुलिस ने किया वाहन चालकों को जागरूक**

**संवाददाता**

देहरादून। विश्वभर में फैले कोरोना वायरस के बचाव को लेकर किये गये उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते शनिवार को राजधानी के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक दूरी भी बनाई गई। बैंकों, एटीएमों, पेट्रोल पम्पों, मेडिकल स्टोरों, गैस सर्विस सेंटरों में सामाजिक दूरियां दिखाई दी। एक मीटर की दूरियों पर लोग खड़े रहे।

शनिवार सुबह सात बजे से दोपहर एक बजे तक की छूट के चलते लोगों का जरूरी सामान लेने के लिए लोग सड़कों पर हर रोज की भांति आये और अपना जरूरी सामान लेकर अपने घर वापस लौट गये, वहीं दूसरी ओर धर्मपुर सब्जी मंडी, नेहरू कॉलोनी सब्जी मंडी में लोगों की भीड़ कम दिखाई दी। दोपहर बाद सभी प्रमुख चौराहों पर पूर्ण रूप से बैरीकेडिंग लगाकर लॉकडाउन कर दिया।



वहीं अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने वालों को पुलिस ने वापस घर भेज दिया। दुपहिया वाहनों पर दो सवारी बैठे होने पर एक सवारी को पुलिस ने उतार दिया और उन्हें समझाया कि दुपहिया में केवल एक ही व्यक्ति रहेगा का भी पाठ पढाया। आसपास के क्षेत्रों में सड़कों पर वाहनों का आवागमन होता रहा और प्रमुख बाजार पूरी तरह से बंद रहे। इस दौरान गली मौहल्लों में आवश्यक वस्तुओं की दुकानें खुली रही और लोगों ने अपनी जरूरत का सामान खरीदा। दोपहर बाद राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में पुलिस के वाहनों से खाद्य सामाग्रियों की आपूर्ति की जायेगी जिससे लोगों को राहत मिल सके। दोपहर दो बजे से चार बजे तक खाद्य पदार्थों की होलसेल की दुकानों को खोला गया। वहां से वाहनों में फुटकर व्यापारियों को प्रदान की जायेगी। दोपहर एक बजे बाद शहर व आसपास के क्षेत्र पूरी तरह से लॉकडाउन हो गये।

एम्बुलेंस, नगर निगम, बैंक कर्मचारियों व अधिकारियों, मीडिया कर्मी व आवश्यक सेवाओं के साथ ही एक आध चालक ही सड़कों पर नजर आते दिखाई दे रहे थे। पुलिस ने कहा कि अनावश्यक रूप से बाहर आने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। वहीं दूसरी ओर कोतवाली में ठेलियों व व्यापारियों को पास वितरित किये गये। जिलाधिकारी कार्यालय में बाहर जाने वाले लोगों व राजधानी व आसपास के क्षेत्रों में फंसे लोगों को पास का वितरण किया गया।

# उत्तराखंड में सामने आया छठा मामला

**झटका**

■ दुबई से लौटे युवक में कोरोना की पुष्टि

**घर के चार अन्य सदस्य भी क्वारंटाइन**

युवक दुबई से लौटने के बाद अपने परिवार के ही अन्य चार सदस्यों के संपर्क में रहा। सीएमओ डॉ. मीनाक्षी जोशी ने बताया कि परिवार के चार सदस्यों को भी क्वारंटाइन किया गया है। वही, ये भी पता किया जा रहा है कि कहीं युवक इस अवधि में और किसी के संपर्क में तो नहीं आया।

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड में कोरोना वायरस संक्रमण का छठा मामला सामने आया है। देहरादून में यह पांचवा मामला है। युवक हाल ही में दुबई से लौटा था। बीते दिनों लक्षणों के आधार पर उसका सैंपल जांच के लिए भेजा था। युवक में शनिवार को कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। उसे घर पर ही आइसोलेशन में रखा गया है।

देहरादून में अब तक तीन प्रशिक्षु आइएफएस अफसरों में कोरोना की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि राहत की बात ये है तीनों प्रशिक्षुओं की दूसरी रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इनमें से एक को बीते रोज अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई, जबकि एक अमरीकी नागरिक का दून मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

इधर, शनिवार को दून निवासी एक 21 वर्षीय युवक में कोरोना की पुष्टि हुई। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार युवक दुबई से लौटा है और बीती 18 मार्च को बुखार के लक्षणों पर उसे इंद्रेश अस्पताल लाया गया था। 26 मार्च को उसका सैंपल जांच को भेजा गया। आज उसमें कोरोना की पुष्टि हुई है। युवक का घर पर ही आइसोलेशन में रखकर उपचार किया जा रहा है।

बताते चले कि देश में कोरोना वायरस का प्रकोप जिस तेजी से बढ़ रहा है उसको रोकने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्पूर्ण देश में लॉकडाउन की घोषणा की है। जिसको लागू कराने के लिए प्रधानमंत्री जी ने सभी प्रदेश की सरकारों से आग्रह किया है।

जिसके बाद देश में विभिन्न प्रदेश की सरकारों ने अपने परिस्थितयों के हिसाब से व्यवस्थाएं लागू की गयी हैं।

## दूसरे दिन भी गैस के लिए तरसते रहे उपभोक्ता

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड लॉकडाउन के चलते लोगों को गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। आज रेसकोर्स स्थित एक गैस सर्विस में खाली सिलेंडर दुकान के बाहर रखे नजर आये और वहां पर कई उपभोक्ता भी मौजूद थे। इस दौरान लोगों का कहना था कि उन्हें गैस की आपूर्ति नहीं हो रही है, जबकि ऑनलाईन बुकिंग होने के बाद भी गैस की आपूर्ति नहीं की जा रही है। गैस सर्विस का कार्यालय आज बंद कर दिया गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ऑनलाईन गैस की बुकिंग होने के बाद भी उपभोक्ताओं को गैस न मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। छह घंटे की राहत के बाद जब लोग रेसकोर्स स्थित एक गैस सर्विस पहुंचे तो उन्हें गैस न मिलने पर नाराजगी जताई। इस दौरान उन्होंने कहा कि शीघ्र ही होम डिलीवरी न होने से परिजन भूखे रहेंगे। उपभोक्ताओं ने कार्यरत कर्मचारियों से कहा कि ऑनलाईन गैस की बुकिंग की गई है जल्द ही गैस की होम डिलीवरी की जायेगी।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।